समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 09 September 2026

# IPL 2026: मुंबई इंडियंस का सबसे खराब दौर! लगातार छठे सीजन भी ट्रॉफी से दूर, CSK-RCB से भी नहीं जीत सकी मुकाबला

Sanket Morankar
Published on 11 May 2026



इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। टीम इस सीजन प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली शुरुआती टीमों में शामिल हो गई, जिसने फैंस को बड़ा झटका दिया है।

कभी IPL की सबसे सफल टीम मानी जाने वाली मुंबई इंडियंस अब लगातार छठे सीजन भी ट्रॉफी जीतने में नाकाम रही है। टीम ने आखिरी बार साल 2020 में खिताब जीता था। इसके बाद 2021 से 2026 तक लगातार छह सीजन गुजर गए, लेकिन मुंबई इंडियंस एक भी ट्रॉफी अपने नाम नहीं कर सकी।

मुंबई इंडियंस के इतिहास में इससे पहले इतना लंबा सूखा कभी नहीं देखा गया था। IPL की शुरुआत 2008 में हुई थी और टीम ने अपनी पहली ट्रॉफी 2012 में जीती थी। तब उसे पहला खिताब जीतने में पांच साल लगे थे, लेकिन अब ट्रॉफी का इंतजार उससे भी लंबा हो चुका है।

इस सीजन टीम का प्रदर्शन कई बड़े मुकाबलों में कमजोर नजर आया। खास बात यह रही कि पहली बार मुंबई इंडियंस पूरे सीजन में Chennai Super Kings और Royal Challengers Bengaluru दोनों के खिलाफ एक भी मैच नहीं जीत सकी।

23 अप्रैल को खेले गए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रन के बड़े अंतर से हराया था। इसके बाद दूसरे मैच में भी चेन्नई ने 8 विकेट से जीत दर्ज की। वहीं RCB के खिलाफ भी मुंबई को दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। 12 अप्रैल को खेले गए पहले मैच में RCB ने 18 रन से जीत हासिल की, जबकि 10 मई को खेले गए दूसरे मुकाबले में मुंबई इंडियंस 2 विकेट से हार गई।

टीम के लगातार खराब प्रदर्शन को लेकर फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों के बीच चर्चा तेज हो गई है। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में निरंतरता की कमी साफ दिखाई दी। कई स्टार खिलाड़ियों के बावजूद टीम मैच फिनिश करने में असफल रही।

अब मुंबई इंडियंस के सामने सबसे बड़ी चुनौती अगले सीजन के लिए मजबूत रणनीति तैयार करने और अपने पुराने विजयी फॉर्म में लौटने की होगी। फैंस को उम्मीद है कि IPL 2027 में टीम नए जोश और नई रणनीति के साथ वापसी करेगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.